पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 249/2024

प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक- 08.08.2024

हेमराज मीना, पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़ के द्वारा साइबर क्राइम अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में नोडल अधिकारी साइबर क्राइम शुभम अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में आज दिनांक- 14.08.2024 को साइबर सेल जनपद आजमगढ़ द्वारा कार्यवाही करते हुए **OLX** एप्प पर सामान बेचने के नाम पर ठगी के **29,500/-** रूपये वापस कराया गया।

साइबर क्राइम सेल, जनपद आजमगढ़।

OLX एप्प पर सामान बेचने के नाम पर किये गये ठगी के रूपये 29,500/- बरामद

घटना का विवरण-

आवेदक आकाश विश्वकर्मा जनपद आज़मगढ़ के थानाक्षेत्र जीयनपुर का रहने वाला है। आवेदक के Olx एप पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटरसाइकिल बेचने का विज्ञापन दिया गया था। इस पर आवेदक ने जल्दवाजी में अज्ञात द्वारा भेजे गये क्यूआर कोड पर स्कैन करके पैसे भेज दिया। उसके बाद जब आवेदक ने अपनी मोटरसाइकिल के डिलीवरी के बारे में पूछा तो उक्त फ्राड व्यक्ति द्वारा अपना नम्बर बन्द कर लिया गया ।

कार्यवाही- उक्त घटना की सूचना आवेदक द्वारा साइबर सेल में दिया गया। साइबर सेल द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए आवेदक द्वारा भेजे गये पैसे के लाभार्थी खाते को ट्रैक करते हुए तत्काल सम्बन्धित खाते की लेन-देन पर रोक लगवा दिया गया। जिसके पश्चात सम्बन्धित बैंक से सम्पर्क कर आवेदक का पूरा पैसा वापस कराया गया।

जनसामान्य से अनुरोध- किसी भी सोशल मीडिया एकाउण्ट जैसे **OLX/फेसबुक/इन्सटाग्राम/व्हाट्सऐप** आदि से दिये गये विज्ञापन पर तत्काल विश्वास न करें, विशेषकर तब जब पैसा पहले माँगा जा रहा हो। साइबर अपराधियों द्वारा लोगों के विज्ञापनो में दिये गये चित्रों को चुराकर अपने द्वारा दिये गये झूठे विज्ञापन में प्रयोगकर पैसों की मांग की जाती है।

बरामदगी करने वाली साइबर पुलिस टीम-

01. उ0नि0 मो0 अबुशाद अहमद साइबर सेल जनपद आजमगढ़
02. मु0आ0 मुकेश भारती साइबर सेल जनपद आजमगढ़
03. आरक्षी राहुल सिंह साइबर सेल जनपद आजमगढ़
04. आरक्षी सत्येन्द्र यादव साइबर सेल जनपद आजमगढ़

साइबर सेल जनपद आजमगढ़
Toll Free.: 1930
जागरुक रहें सुरक्षित रहें
www.cybercrime.gov.in
वापस धनराशि
29500/-रुपये